हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 28 जुलाई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

एनएच सड़क से आवारा मवेशियों को हटाकर गोधाम में किया गया शिफ्ट
2



## खबर संक्षेप

### राजपत्रित अधिकारियों का कार्य विभाजन, एसपी ने जारी किया आदेश

**जांजगीर-चांपा।** जिले में पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के कार्यों का पुनर्विभाजन करते हुए नया आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार नगर पुलिस अधीक्षक जांजगीर योगिताबाली खापर्डे को थाना जांजगीर, सारागांव, सिटी कोतवाली एवं चौकी नैला का पर्यवेक्षण सौंपा गया है। एसडीओपी चांपा लोकेश बसंत को थाना चांपा, बलौदा एवं नवागढ़ की जिम्मेदारी दी गई है। एसडीओपी अकलतरा मेघेन्द्र प्रताप सिंह थाना अकलतरा, मुलमुला, बलौदा तथा चौकी पंतोरा का पर्यवेक्षण करेंगे। एसडीओपी शिवरीनारायण नीरज कुमार वर्मा थाना शिवरीनारायण, बिर्रा, पामगढ़ एवं पुलिस सहायता केंद्र राहौद का पर्यवेक्षण करेंगे। उप पुलिस अधीक्षक (अजाक) सतरूपा तारम को थाना अजाक, महिला थाना, परिवार परामर्श केंद्र, आईयूसीएडब्ल्यू एवं मानव तस्करी निरोधक सेल का दायित्व सौंपा गया है।

### विकसित वाइब्रेंट विलेज में युवा प्रतिभागियों से किया वर्चुअल संवाद

**जांजगीर-चांपा।** विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के माय भारत प्लेटफॉर्म द्वारा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) तथा गृह मंत्रालय के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के युवा प्रतिभागियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल संवाद किया गया। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे की उपस्थिति में जिले में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में वर्चुअल माध्यम जिले के युवा प्रतिभागी शामिल हुए। जिला युवा अधिकारी सुश्री प्रतिष्ठा माथुर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री के उस विजन को आगे बढ़ाना है, जिसके तहत सीमावर्ती गांवों को देश के प्रथम गांव के रूप में विकसित कर उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

### शराब पीने के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसे मांगकर मारपीट कर चोट पहुंचाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। प्रार्थी टोनी टंडन, निवासी बलौदा द्वारा 25 जुलाई को थाना बलौदा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि उसी दिन शाम करीब 5:30 बजे ग्राम नगपुरा मुक्तिधाम के सामने मेन रोड पर आरोपी अनिल पटेल ने शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। पैसे नहीं देने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्के से मारपीट कर चोट पहुंचाई। बलौदा पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। आरोपी अनिल पटेल को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### तालाब व पोखर में तब्दील हुई सड़के, बिजली सप्लाई घंटो बाधित

# झमाझम बारिश से शहर सहित अंचल पानी-पानी, गली-मोहल्ले जलमग्न



जिला मुख्यालय के अटल चौक में जमा हुआ बरसाती पानी



शिवरीनारायण के शबरी चौक में गिरा पेड़, आवागमन बाधित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सोमवार की शाम हुई झमाझम और मूसलाधार बारिश ने शहर सहित पूरे अंचल को पूरी तरह पानी-पानी कर दिया। तेज बारिश के चलते शहर के अधिकांश गली-मोहल्लों में घुटनों से अधिक पानी भर गया, जबकि नालियां उफान पर बहने लगीं। अचानक हुई तेज बारिश से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई स्थानों पर वाहन भी पानी में फंस गए।

बारिश का सबसे अधिक असर शहर के प्रमुख मार्गों पर देखने को मिला। बी टी आई चौक, पुराना चंदनिया पारा, बी.डी. महंत उपनगर, नैला मुख्य मार्ग सहित कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। जल निकासी की व्यवस्था जवाब देने से सड़कें तालाब जैसी नजर आने लगीं और लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। शहर में घंटो तक बिजली सप्लाई बाधित रही, जबकि कई ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक बिजली बहाल नहीं हो सकी थी। बिजली गुल होने से लोगों को उमस और अंधेरे के बीच काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

#### पहले पानी की कमी, अब अधिकता ने रोका काम

कुछ दिन पहले तक बारिश नहीं होने से खेतों में बुवाई और कृषि कार्य प्रभावित हो रहे थे। किसान पानी की कमी से परेशान थे, लेकिन सोमवार की झमाझम बारिश ने स्थिति पूरी तरह बदल दी। अब लगातार और तेज बारिश के कारण कई स्थानों पर खेतों में पानी भर गया है, जिससे कृषि कार्यों की रफ्तार भी थम गई है। किसानों का कहना है कि संतुलित बारिश खेती के लिए जरूरी है, जबकि अत्यधिक पानी भी कई बार परेशानी का कारण बन जाता है।

#### बजरंग चौक में जलभराव से राहगीर परेशान, समिति ने आंदोलन की दी चेतावनी

**अकलतरा।** नगर के सबसे व्यस्ततम एवं प्रमुख चौराहों में शामिल बजरंग चौक में लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है, जिससे आम नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं स्कूली छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह चौराहा श्री बजरंग बली मंदिर, जैन मंदिर, मस्जिद रोड तथा महावीर स्कूल जाने का प्रमुख मार्ग है, जहां प्रतिदिन हजारों लोगों की आवाजाही रहती है। मस्जिद रोड निवासी सुशील जैन ने बताया कि हनुमान मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर पानी भर जाने से विशेषकर महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को मंदिर आने-जाने में काफी कठिनाई होती है। पूर्व में भी कई बार नगर पालिका परिषद से आग्रह किया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। नगर विकास समिति ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो सभी नागरिकों की बैठक बुलाकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

#### लगातार बारिश से शबरी चौक पर गिरा विशाल पेड़, यातायात बाधित

**शिवरीनारायण।** नगर में रात्रिकाल से लगातार 3 से 4 घंटे तक हुई तेज बारिश के कारण शबरी चौक स्थित बिलासपुर मार्ग पर एक विशाल एवं हरा-भरा पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया। पेड़ गिरने से मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया, जिससे दिनभर आवागमन प्रभावित रहा और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।घटना के बाद दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्थानीय नागरिकों ने इसकी सूचना संबंधित विभाग एवं नगर प्रशासन को दी। पेड़ हटाने का कार्य शुरू होने तक छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन बाधित रहा तथा लोगों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ा। लगातार हो रही बारिश के कारण नगर में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से बारिश के मौसम में ऐसे संभावित खतरनाक पेड़ों की समय रहते पहचान कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# ओवर ब्रिज के नीचे पानी से भरे गड्ढे में पलटा आटो, 9 लोग घायल

### रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के बाद लौट रहे थे गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा में ओव्हरब्रिज के नीचे एक ऑटो अनियंत्रित होकर शनिवार की शाम सड़क किनारे स्थित तालाबनुमा गड्ढे में जा गिरा। ऑटो में सवार महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। आटो में दो दूधमुंहे नवजात बच्चे भी सवार थे।

इस संबंध में अकलतरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दर्राभाटा निवासी सिदार परिवार अपने रिश्तेदार की शादी में शामिल होकर पामगढ़ से ऑटो रिक्शा के माध्यम से अपने गांव लौट रहा था। शाम लगभग 7:30 बजे अकलतरा ओवरब्रिज के नीचे से पोड़ी दल्हा मार्ग की ओर मुड़ते समय ऑटो पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में जा पहुंचा। हादसे के बाद ऑटो में सवार महिलाओं और बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। इसी दौरान जनपद पंचायत सदस्य निलेश सिंह, उनके साथी अंकित सिंह सिसोदिया, अनिल खांडे और राजकुमार सिंह कांग्रेस के कैंडल मार्च से लौट रहे थे। उन्होंने घटना को देखते ही बिना देर किए बचाव कार्य में सहयोग किया और महिलाओं तथा बच्चों को अपनी कार से तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान ऑटो में अनुराग सिदार 15 वर्ष, कुमार सिदार 65 वर्ष, मुस्कान सिदार 25 वर्ष, कृष्णा बाई सिदार 55 वर्ष, भारती सिदार 26 वर्ष, रानी सिदार 30 वर्ष, शिवांश सिदार 6 वर्ष, रिया सिदार 5 वर्ष, गापा सिदार 8 वर्ष के साथ दो नवजात शिशु अयांश सिदार 1 माह और लव सिदार 2 माह भी सवार थे। राहत की बात यह रही कि सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क पर बने गहरे गड्ढों में पानी भर गया है, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे खतरनाक गड्ढों की तत्काल मरम्मत कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाता है। जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है। इसके अलावा वाहन चालकों को गड्ढों में भरा पानी नजर नहीं आता है। जिसकी वजह से हादसे घटित हो जाते है।



बच्चे का इलाज करते चिकित्सक।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की ठगी आरोपी के खिलाफ सर्कुलर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर करोडों रुपए की ठगी मामले में फरार आरोपी के खिलाफ पुलिस ने सर्कुलर जारी किया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ीशंकर का है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ीशंकर निवासी पियुष जायसवाल पिता पारेश्वर जायसवाल बम्हनीडीह, चांपा, कोरबा सहित जांजगीर-चांपा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से शेयर ट्रेडिंग में अधिक लाभ का झांसा देकर बड़ी मात्रा में धनराशि एकत्रित की और करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी कर फरार हो गया। आरोपी के विरुद्ध थाना बम्हनीडीह में के तहत धारा 420, 406, 34 भारतीय दंड संहिता तथा थाना चांपा में धारा 318(4), 316(2), 111(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किए गए थे। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था, किंतु अभियोग पत्र प्रस्तुत होने के बाद से आरोपी न्यायालय में लगातार अनुपस्थित है। आरोपी के विरुद्ध थाना चांपा प्रकरण में स्थायी गिरफ्तारी वारंट तथा थाना बम्हनीडीह प्रकरण में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त बिलासपुर स्थित न्यायालय से परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के प्रकरण में तथा कोरबा स्थित न्यायालय से प्रकरण क्रमांक 5341, 5340, 5339 एवं 5342 में भी गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा चुके हैं।आरोपी के लगातार फरार रहने एवं न्यायालय में उपस्थित नहीं होने के कारण गृह मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से उसके विरुद्ध लुक आउट सर्कुलर जारी किया गया है, ताकि देश के किसी भी एयरपोर्ट, बंदरगाह अथवा अंतरराष्ट्रीय सीमा से उसके आवागमन पर निगरानी रखी जा सके। पुलिस ने कोई भी जानकारी प्राप्त हो तो तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा पुलिस नियंत्रण कक्ष जांजगीर के मोबाइल नंबर 94791-93199 या थाना चांपा प्रभारी 79874- 60292 को सूचित करें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## किराएदार की जानकारी नहीं देने पर मकान मालिक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

- बिर्रा थाना का मामला, सूचना छिपाने पर की गई कार्रवाई

बगैर सूचना के पश्चिम बंगाल के 9 व्यक्तियों को मकान किराया देना उस समय महंगा पड गया, जब पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दिया। मामला बिर्रा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में बिर्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कानून -व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में पुलिस द्वारा अप्रवासियों एवं किरायेदारों का सतत सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पुलिस द्वारा सोशल मीडिया, जनजागरूकता अभियान एवं अन्य माध्यमों से भी लगातार आम नागरिकों और मकान मालिकों से अपील की जा रही थी कि वे अपने यहां रहने वाले प्रत्येक किरायेदार की जानकारी संबंधित थाना व चौकी में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जांजगीर चांपा द्वारा भी किरायेदारों की जानकारी थाना में उपलब्ध नहीं कराने पर वैधानिक कार्रवाई किए जाने संबंधी आदेश जारी किया गया है। इसके बावजूद बिर्रा निवासी जीवन लाल तिवारी ने आदेशों की अवहेलना करते हुए दूसरे राज्य के चार व्यक्तियों को बिना किरायानामा तैयार किए एवं बिना थाना को सूचना दिए अपने मकान में किराये पर रखा। थाना प्रभारी बिर्रा राजीव श्रीवास्तव द्वारा किरायेदार सत्यापन अभियान के दौरान जानकारी सामने आने पर पुलिस ने जीवन लाल तिवारी निवासी बिर्रा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने सभी मकान मालिकों से पुनः अपील की है कि वे अपने यहां रहने वाले प्रत्येक किरायेदार एवं बाहरी व्यक्तियों की जानकारी तत्काल निकटतम थाना अथवा चौकी में उपलब्ध कराएं। किरायेदारों की सूचना छिपाने या निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने मकान मालिकों को किराएदार की जानकारी देने की हिदायत दी है।

### पैतृक जमीन को फर्जी तरीके से करा ली रजिस्ट्री, कलेक्टर से लगाई फरियाद

**जैजैपुर।** पैतृक जमीन को फर्जी तरीके से अपने नाम पर रजिस्ट्री कराने के मामले को लेकर प्रार्थी ने उक्त महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर से फरियाद लगाई है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रमा माली ने कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा कि उसके पिता छेदू राम माली लगभग 87 वर्ष उम्र दराज व्यक्ति हैं। उन्होंने बताया कि उक्त कृषि भूमि को एक महिला ने बहला फुसला कर रजिस्टार कार्यालय जैजैपुर में जमीन की रजिस्ट्री अपने नाम पर करा ली। जिससे क्षुब्ध होकर प्रार्थी ने कलेक्टर को अपनी व्यथा सुनाई है। इसके अलावा उसने इसकी शिकायत पुलिस कप्तान से भी करने की बात कही। रजिस्ट्री पर रोक लगाने का आवेदन पत्र सौपा है। हसौद तहसीलदार को संपूर्ण स्थिति से अवगत कराने की बात कही गई है।

## हाईवे पर राहगीरों से लूट करने वाले फरार 2 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

**जांजगीर-चांपा।** काम खत्म करने अपने घर वापस लौट रहा बढई से लूटपाट करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सारागांव थाना का है।

इस संबंध में प्रार्थी अशोक लाठिया निवासी खोखरा अपने एक अन्य साथी के साथ बढ़ई का काम करने 16 जुलाई को सारागांव आया था। शाम को काम समाप्त होने के बाद दोनों अपनी बाइक से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में एनएच-49 स्थित अंजली फ्यूल्स पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए रुके। इसी दौरान कुछ युवक उन्हें घूरते हुए वहां से निकल गए। पेट्रोल पंप से लगभग 100 मीटर आगे, रात करीब 7 से 8 बजे बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार युवकों ने दोनों को रोक लिया और चाकू जैसे धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों ने उनके पास रखे दो मोबाइल फोन एवं 5 हजार रुपये नकद, कुल लगभग 25 हजार रुपये की संपत्ति लूटकर फरार हो गए, घटना की रिपोर्ट पर थाना सारागांव में अपराध दर्ज कर थाना प्रभारी राकेश कुमार सूर्यवशी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी महेन्द्र कुमार धारिया एवं आरोपी सूर्यकांत बरेठ दोनो निवासी डेरागढ़, को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।




### जिला बनने के बाद भी ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल

# अग्रसेन चौक और थाने के सामने रोजाना लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती को नया जिला बने तीन साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन यहां की बुनियादी समस्याओं में से एक ट्रैफिक व्यवस्था में अब तक कोई सुधार नहीं हो सका है। शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में शामिल अग्रसेन चौक और पुलिस थाने के ठीक सामने रोजाना गाड़ियों का भीषण जाम लगना आम बात हो गई है।

हैरान करने वाली बात यह है कि पुलिस प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों के जानकारी के बाद भी यह समस्या जस की तस बनी हुई है फिर भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जाम के कारण स्कूली बच्चे, कर्मचारी और राहगीर परेशान है। वहीं स्थानीय राहगीरों और नागरिकों ने बताया कि आए दिन लगने वाले इस जाम के कारण हर वर्ग त्रस्त है। स्कूली बच्चेः समय पर स्कूल नहीं पहुंच पाते और छुट्टी के बाद घंटों धूप,बारिश में फंसे रहते हैं। दफ्तर के कर्मचारी समय पर ऑफिस न पहुंच पाने के कारण अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ती है। सबसे अधिक परेशानी अग्रसेन चौक व पुलिस थाना के सामने होती है, यहां अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है।



अग्रसेन चौक के पास बनी जाम की स्थिति।

#### ट्रेन छूटने की नौबत

स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है; जाम में फंसने के कारण कई लोगों की ट्रेनें तक छूट चुकी हैं।थाने के सामने ही बेबस दिखती है व्यवस्थानागरिकों का कहना है कि जिस पुलिस थाने के सामने से जिले की सुरक्षा और कानून व्यवस्था का संचालन होता है, उसी के सामने गाड़ियां रेंगती नजर आती हैं। ट्रैफिक पुलिस की गैर-मौजूदगी और बदहाल पार्किंग व्यवस्था की वजह से सड़कें संकरी हो गई हैं। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से पुरजोर अपील की है कि सक्ती की ट्रैफिक व्यवस्था पर तत्काल ध्यान दिया जाए। अग्रसेन चौक और थाने के पास नियमित रूप से यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए तथा अवैध पार्किंग पर कड़ाई से रोक लगाई जाए, ताकि आम जनता को इस रोज-रोज की मुसीबत से राहत मिल सके।

## खबर संक्षेप

### राताखार के बजरंग चौक स्थित शिव मंदिर के पास धंसी सड़क

**कोरबा।** निगम के वार्ड क्रमांक-4 राताखार स्थित बजरंग चौक के समीप शिव मंदिर के पास सड़क पर बना गहरा गड्ढा स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण यह गड्ढा पूरी तरह पानी से भर जाता है, जिससे इसकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। परिणाम स्वरूप दोपहिया, चारपहिया और अन्य छोटे-बड़े वाहन चालक अनजाने में गड्ढे में उतर जाते हैं और वाहन फंसने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बारिश के मौसम में जलभराव के कारण सड़क और गड्ढे में अंतर दिखाई नहीं देता। विशेषकर रात के समय या तेज बारिश के दौरान यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोकर गिर चुके हैं, जबकि चारपहिया वाहनों के भी गड्ढे में फंसने की शिकायतें सामने आई हैं। इससे लोगों को अनावश्यक परेशानी के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख आवागमन मार्ग है, जहां दिनभर लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।

### कारगिल विजय दिवस पर शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ




**कोरबा।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ कोरबा एवं जिला शतरंज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सीएसईबी ग्राउंड स्थित सीनियर क्लब में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ प्रातः 11 बजे हुआ। राष्ट्रभक्ति और खेल भावना से ओत-प्रोत इस आयोजन में जिले भर से 150 से अधिक बालक-बालिकाओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव बंसल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष रोटेरियन विक्रम अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब ऑफ कोरबा के अध्यक्ष रोटेरियन सतनाम सिंह मल्होत्रा ने की। मंच पर जिला शतरंज एसोसिएशन के एम.के. सोनी एवं आर.एन. विश्वकर्मा भी विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर एवं कारगिल के अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि संजीव बंसल ने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि धैर्य, अनुशासन, रणनीति और निर्णय क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। वहीं रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन सतनाम सिंह मल्होत्रा ने कहा कि कारगिल विजय दिवस के अवसर पर इस प्रकार की प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना है।

### करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत तीन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया



**कोरबा।** मानिकपुर स्थित डीपरापारा में शनिवार शाम करीब 6 बजे एक दर्दनाक हादसे में 38 वर्षीय लवकुश साहू की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के समय क्षेत्र में बारिश हो रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, लवकुश साहू शाम के समय मोहल्ले में लगे बिजली के खंभे के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक करंट की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़े। मोहल्ले के लोग जब तक उन्हें बचाने के लिए पहुंचते, तब तक वह मौके पर ही दम तोड़ चुके थे। मृतक लवकुश साहू मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी वृंदा साहू और तीन बच्चे हैं। इस हादसे के बाद परिवार के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# हाई स्कूल भवन के साथ कन्या छात्रावास में भी बाउंड्रीवाल नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

हाई स्कूल भवन और कन्या छात्रावास जैसे संवेदनशील संस्थान बाउंड्रीवाल विहीन है। जिसके निर्माण को लेकर भेजे गए प्रस्ताव पर जनपद के द्वारा अमल नहीं किये जाने से अब तक दोनों संवेदनशील संस्थान बाउंड्रीवाल विहीन बने हुए हैं।

शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व बाउंड्रीवाल विहीन स्कूलों की जानकारी मांगी गई थी। इसके तहत कुछ स्कूलों में बाउंड्रीवाल के काम स्वीकृत किए गए लेकिन इसके पहले भी कई कन्या आश्रम हाई स्कूल ऐसे हैं जिनके प्रस्ताव पर काम शुरू नहीं हुआ है। कोरबा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोरकोमा में कन्या आश्रम और हाई स्कूल बाउंड्रीवाल विहीन हैं। जिससे यहां निवासरत छात्राओं की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। शाम होते ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा हाई स्कूल के पास होने लगता है। स्थिति तब बिगड़ती है जब जंगल से लगे होने के कारण जंगली जानवर भी पहुंच जाते हैं।

**मामला ग्राम पंचायत कोरकोमा का**

**खास बातें**

- सड़क किनारे संचालित हैं स्कूल और कन्या छात्रावास
- रात में रहता है असामाजिक तत्वों का डेरा



**फिर मांगी गई बाउंड्रीवाल विहीन स्कूलों की जानकारी**

बीते सप्ताह विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने शिक्षा विभाग से जिले में बाउंड्रीवाल विहीन स्कूलों की जानकारी मांगी है। ऐसे स्कूलों में जिनके लिए पूर्व में डीएमएफ से राशि स्वीकृत नहीं की गई है। उनका प्रस्ताव डीएमएफ की बैठक में रखा जाएगा और फिर से राशि जारी होगी।

**जनदर्शन और सुशासन तिहार में भी दिया गया है आवेदन**

स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में भी बाउंड्रीवाल को लेकर आवेदन दिया गया था। उन्होंने इसके लिए ग्रामीणों को आश्वासन भी दिया था। उनके आश्वासन के बाद भी विभागीय पहल नहीं की गई। इसके स्थानीय निवासियों ने सुशासन तिहार में भी इस समस्या को लेकर आवेदन दिया। जिला पंचायत सदस्य रेणुका राठिया ने भी इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन को अवगत कराया था। लेकिन आज 7 माह हो चुके हैं बाउंड्रीवाल का काम नहीं हो सका है।

## पाली ब्लाक के केराझरिया और कपोट में रखे गए 40 से अधिक मवेशी

# एनएच सड़क से आवारा मवेशियों को हटाकर गोधाम में किया गया शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

बिलासपुर अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में चैतमा और पाली के बीच मडराने वाले आवारा मवेशियों को स्थानीय गौधाम में ले जाने का काम शनिवार से शुरू कर दिया गया है। फसलों की सुरक्षा और सड़क हादसों से बचाव के मद्देनजर दो दिन तक चली इस कार्रवाई के दौरान 40 से अधिक मवेशियों को कपोट और केराझरिया के गौधाम में रखा गया है।

**खास बात**

- हादसों और फसल की सुरक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

पाली और कटघोरा के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग में सड़क के किनारे लगी फसल और मवेशियों के मडराने से हुए हादसों को लेकर बीते दिनों कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आवारा मवेशियों को समीप में गौधामों में रखने के निर्देश दिए गए थे। जिले के कटघोरा, पाली, पोड़ी उपरोड़ा से एनएच 130 गुजरती है। इसमें सबसे ज्यादा हादसे पोड़ी उपरोड़ा, चोटिया और पाली और चैतमा के बीच हुए हैं। इन दोनों क्षेत्रों में आवारा मवेशियों का जमावड़ा भी बना रहता है। बीते सप्ताह भारी वाहन की चपेट में आने से 5 आवारा मवेशियों की मौत हो गई थी। इसके पूर्व आवारा मवेशियों से टकराने से वाहन चालक भी घायल हो चुके थे। इन सब हादसों के मद्देनजर आवारा मवेशियों को एनएच के समीप स्थित गौधामों में रखने का काम शुरू किया गया है। दो दिन में 40 से अधिक मवेशियों को कपोट और केराझरिया के गौधाम में रखा गया है। जिनकी जिम्मेदारी गौधाम का संचालन करने वाली समितियों को दी गई है। जिनके द्वारा मवेशियों के चारे पानी की व्यवस्था पंचायत के सहयोग से की जा रही है। शनिवार को पशु चिकित्सा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर एसएन मिश्रा के नेतृत्व में डॉ.यूके तंवर, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ.मोहन सेंडे एवं गौधाम के प्रभारी डॉ.वैष्णव के साथ आवारा मवेशियों को समितियों के सुपूर्द किया गया है।



ग्राम पंचायत कपोट के गौधाम में रखे गए आवारा मवेशी।

**आवारा मवेशियों को हटाया जा रहा है**

आवारा मवेशियों को 130 से हटाने का काम शुरू किया गया है। चैतमा, कटघोरा एवं पाली मार्ग से मवेशी हटाए जा रहे हैं। हादसों पर नियंत्रण रखने और फसलों को बचाने के उद्देश्य से स्थानीय लोगों ने भी मांग उठाया था। **-एसएन मिश्रा,** उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग

**अगली कार्रवाई पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक में**

विभाग के द्वारा एनएच 130 एवं स्टेट हाइवे के आसपास मंडराने वाले आवारा मवेशियों को हटाने का काम पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक में किया जाएगा। ऐसे मवेशियों को पोड़ी क्षेत्र के गौधामों में रखने की तैयारी की गई है। लेकिन अभी तक गोठान से गौधाम में बनाने की प्रक्रिया के दौरान किसी भी समिति ने गौधाम संचालन को लेकर जागरुकता नहीं दिखाई। परिणाम स्वरूप जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत को ही मवेशियों को गौधाम में रखने और उनके चारे पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जो पंचायत मद से कराया जाएगा।

# बलगी सब स्टेशन में हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने गार्ड को पीटा, मामला दर्ज



सब स्टेशन में घुसते नकाबपोश बदमाश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एसईसीएल बलगी सब स्टेशन में देर रात हुई डकैती की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाशों ने सब स्टेशन में घुसकर सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की और परिसर में रखे सामान को निशाना बनाया। सब स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरा में घटना की पूरी वारदात कैद हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।



घायल सुरक्षाकर्मी।

जानकारी के अनुसार शनिवार की रात नकाबपोश बदमाश हथियार लेकर एसईसीएल बलगी सब स्टेशन परिसर में घुस गए। सब स्टेशन में तैनात सुरक्षा गार्ड ने जब उन्हें रोका तो उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया और सब स्टेशन परिसर में मौजूद सामानों लेकर फरार हो गए। वहीं घायल सुरक्षा कर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। मामले में पुलिस ने अज्ञात नकाबपोशों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर खोजबीन में जुट गई है।

# राशि निकालकर अधूरा छोड़ दिया स्कूल भवन, पूर्व सरपंच पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

ग्राम पंचायत तिलकेजा में निर्माण कार्यों में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है।

**खास बात**

- मामला कोरबा ब्लाक के ग्राम पंचायत तिलकेजा का, जनपद सदस्य ने की शिकायत

जनपद सदस्य किशन लाल कोसले ने कलेक्टर को शिकायत सौंपकर पूर्व सरपंच कुलसिंह कंवर पर निर्माण कार्यों की राशि आहरित कर कार्य अधूरा छोड़ने तथा शासकीय राशि के कथित गबन का आरोप लगाया है। शिकायत में राशि की वसूली कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायत के अनुसार वर्ष 2022 में स्वीकृत स्वामी आत्मानंद स्कूल रिनोवेशन कार्य के लिए स्वीकृत राशि का लगभग 80 प्रतिशत भुगतान निकाल लिया गया लेकिन निर्माण कार्य आज तक पूरा नहीं कराया गया। इसके कारण विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित होने का दावा किया गया है। आरोप है कि सरकारी राशि निकालने के बावजूद निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि विधायक मद से स्वीकृत मंच एवं परची (शेड) निर्माण कार्य की राशि भी आहरित कर ली गई लेकिन संबंधित निर्माण आज तक पूरा नहीं हुआ। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जनपद सदस्य किशन लाल कोसले ने कलेक्टर से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, अधूरी योजनाओं की वास्तविक स्थिति का सत्यापन कराया जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो पूर्व सरपंच से शासकीय राशि की वसूली करते हुए नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा सहित विभिन्न अधिकारियों को भी भेजी गई है।

### नाले में मछली पकड़ने गए अधेड़ की बहने से मौत

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत श्याम नगर में एक 45 वर्षीय व्यक्ति पास के नाले में मछली पकड़ने गया था। मछली पकड़ने के दौरान पानी के तेज बहाव में बह गया, जिससे उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, श्याम नगर निवासी राजकुमार खैरवार 45 वर्ष पिता निर्मल खैरवार पास ही स्थित नाले में मछली पकड़ने गया हुआ था। इसी दौरान नाले में पानी का बहाव अचानक तेज हो गया, जिसकी चपेट में आने से राजकुमार खुद को संभाल नहीं सका और पानी के तेज धारा में बह गया।

### न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**कोरबा।** मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सत्यानंद प्रसाद के द्वारा एक प्रकरण में दिए गए फैसले के आधार पर परिवादी चेतना सिंह ने अपनी ही माँ पुष्पा सिंह व भाई कुलदीप सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी है। बताया जाता है कि परिवादनी श्रीमती चेतना सिंह 30 वर्ष पति अजय कुमार निवासी मानिकपुर के पिता नवरतन सिंह एसईसीएल कर्मचारी डम्फर आपरेटर कुसमुंडा परिक्षेत्र में पदस्थ थे। जिसकी मौत वर्ष 2022 में हो गई थी। इसके पूर्व श्रीमती पुष्पा सिंह से दूसरा विवाह किया जिससे पुत्र कुलदीप सिंह इन दोनों माँ-बेटा के द्वारा नवरतन सिंह की पत्नी व नामिनी टिकैतीन बाई के नाम एसईसीएल की विभिन्न मदों की राशि को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर प्राप्त किया गया था जिसपर चेतना सिंह ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चेतना सिंह की रिपोर्ट पर पुष्पा सिंह और उसके पुत्र कुलदीप सिंह के खिलाफ धारा धारा 120 बी, 463,, 464, 467, 470, 471 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# कटघोरा के मुख्य मार्ग पर बढ़ता गड्ढा बना परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटघोरा

कटघोरा नगर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर महाबली स्टोर्स के सामने सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। सड़क पर बने गड्ढे और जलभराव के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में यह छोटा गड्ढा एक बड़े और खतरनाक गड्ढे का रूप ले सकता है।



जानकारी के अनुसार सड़क पर लंबे समय से पानी जमा होने की समस्या बनी हुई है। बारिश के दौरान यह समस्या और विकराल हो जाती है, जिससे सड़क की ऊपरी परत तेजी से उखड़ रही है। यदि समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई तो सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है और आवागमन में बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। इस समस्या के पीछे सड़क किनारे संचालित कुछ व्यापारियों की लापरवाही भी सामने आ रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कई लोग अपनी चार पहिया वाहनों की धुलाई सड़क किनारे ही करते हैं। धुलाई का पानी सीधे सड़क पर बहकर जमा हो जाता है, जिससे सड़क की सतह लगातार कमजोर होती जा रही है। जलभराव के कारण डामर उखड़ रहा है और गड्ढे दिन-ब-दिन गहरे होते जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस संबंध में नगर पालिका को कई बार शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। न तो जल निकासी की व्यवस्था सुधारी गई और न ही क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत की गई। इससे लोगों में नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ रही है।

### शपथ पत्र

शपथकर्ती अनीता कुमारी जायसवाल उम्र 26 वर्ष, पिता शिव प्रसाद जायसवाल जाति कलार निवास स्थल टोहिलाडीह तह. व जिला सक्ती छ.ग. का मूल निवासी हूं जो कि शपथपूर्वक सत्य कथन करती हूँ, कि

01. यह कि मैं उपरोक्त नाम व पते का मूल निवासी हूँ।

02 यह कि मेरे नाम से भारत निर्वाचन आयोग, के द्वारा वोटर कार्ड जारी किया गया है, जिसका कार्ड नं AUY1764364 है एवं मेरे कक्षा 5 वी एवं कक्षा 8 वी के अंकसूची/मार्कशीट में मेरे नाम अनीता कुमारी जायसवाल दर्ज/प्रविष्ट है जो कि मेरा सही एवं पूर्ण नाम है।

03. यह कि मेरे नाम से नाम से आधार कार्ड जारी हुआ है, एवं मेरा आधार कार्ड नं 9157 9081 0011 है, जिसमे मेरा नाम सुशीला कुमारी जायसवाल दर्ज / प्रविष्ट है जो कि मेरा घरेलू नाम है।

04.यह कि उक्त दोनो नाम अनीता कुमारी जायसवाल एवं सुशीला कुमारी जायसवाल दो अलग-अलग व्यक्तियो का नाम ना होकर एक ही व्यक्ति का नाम है।

**अनुविभागीय दण्डाधिकारी**
**सक्ती**

TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

छत्तीसगढ़ शासन में VTP पंजीयन क्रमांक 223793647P003
प्रवेश प्रारंभ
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
विगत 10 वर्षों से संचालित जॉजगीर चांपा जिले का एकमात्र संस्था
(NSDC/SDMS C.N. 69240)
नि-शुल्क पाठ्यक्रम (Free Courses): जनरल ड्यूटी असिस्टेंट होम हेल्थ एड
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम / योग्यता 10वीं एवं 12वीं / हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब मे कार्यरत विद्यार्थियों के लिए पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
कोर्सेस
- DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
- OT - टेक्नीशियन
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियनअसिस्टेंट
- X-RAY टेक्नीशियन
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
पताः रजनीश बुक डिपो के सामने, तिवारी कॉम्प्लेक्स, केरा रोड जॉजगीर मो. 8770638375, 9399743304

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



# 200 करोड़ क्लब की ओर विजय की जन नायकन

**नई दिल्ली।** विजय थलापति की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'जन नायकन' बॉक्स ऑफिस पर नए रिकॉर्ड गढ़ रही है। सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि ओवरसीज मार्केट्स में भी इस फिल्म का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। विजय थलापति के स्टारडम के दम पर फिल्म ने अपने शुरुआती वीकेंड में ही दुनिया भर में ताबड़तोड़ कमाई की है और महज 3 दिनों के भीतर 200 करोड़ के आंकड़े के बेहद करीब पहुंच गई है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने धमाकेदार ओपनिंग ली थी, हालांकि दूसरे दिन कमाई में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई, लेकिन तीसरे दिन (रविवार) फिल्म ने फिर से शानदार वापसी की।

लाइफ Style

# आनंदी

## सीन कटने से टूट गया दिल

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक्ट्रेस आनंदी अजय ने एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह बात करते-करते फफक कर रो पड़ती हैं। एक्ट्रेस का दावा है कि 1 साल काम करने के बाद थलपति विजय की 'जन नायकन' से उनके सीन काट दिए गए हैं।

यह बात उन्हें फिल्म के रिलीज होने के बाद ही पता चली है। थलपित विजय की फेयरवेल फिल्म 'जन नायकन' गुरुवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। एक तरफ जहां फैंस ने सिनेमाघरों को उत्सव का रंग दे दिया है, वहीं एक्ट्रेस आनंदी अजय का दिल टूट गया है। विजय के साथ स्क्रीन शेयर करना उनका सपना था। इसके लिए उन्होंने 1 साल तक कड़ी मेहनत की और फिल्म में काम भी किया। लेकिन, जब डायरेक्टर एच. विनोद की फिल्म रिलीज हुई तो वह यह देखकर दंग रह गईं कि उनका कोई भी सीन फिल्म में नहीं है। आनंदी ने एक बेहद इमोशनल वीडियो शेयर किया है, जिसमें अपनी आपबीती बताते हुए वह फफक कर रो पड़ी हैं। 'जन नायकन' पहले सेंसर बोर्ड के साथ विवाद में फंसी थी। यह मूल रूप से जनवरी महीने में ही रिलीज होने वाली थी। लेकिन 7 महीने का यह लंबा इंतजार भी आनंदी के लिए खुशी के पल लेकर नहीं आया। वीडियो पोस्ट में वह बताती हैं कि फिल्म के फाइनल एडिट से उनका सीन हटा दिया गया है। अब आनंदी का यह क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फैंस उन्हें हिम्मत दे रहे हैं। तमिल टेलीविजन की पॉपुलर एक्ट्रेस आनंदी के लिए विजय की फिल्म का हिस्सा होना, जाहिर तौर पर बड़ी बात थी।



## हॉलीवुड मसाला




# द रिंग्स ऑफ... का टीजर ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** सैन डिएगो कॉमिक-कॉन 2026 में प्राइम वीडियो ने 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द रिंग्स ऑफ पावर' सीजन 3 का टीजर ट्रेलर जारी किया। 99 सेकंड के इस प्रीव्यू में सीरीज के एक इंटेंस और डार्क दौर की झलक मिली, जिसमें मिडिल-अर्थ में सॉरॉन का उदय, 'वन रिंग' का निर्माण और फैलती हुई जंग नए सीजन की कहानी को आगे बढ़ाएगी। इस फुटेज को बेंजामिन वॉकर के मॉडरेट किए गए एक पैनल के दौरान दिखाया गया, जिसमें सिंथिया अडाई-रॉबिन्सन, ओवेन आर्थर, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, चार्ली विकर्स, डैनियल वेमैन और नए कलाकार जेमी कैंपबेल बॉवर चर्चा में शामिल हुए।




# ब्लैक पैंथर का किरदार निभाएंगे डेविड....

**लॉस एंजिल्स।** 'ब्लैक पैंथर' फ्रेंचाइजी हॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की सबसे पहली फिल्म 'ब्लैक पैंथर' (2018) को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। इसका दूसरा भाग 'ब्लैक पैंथरः वकांडा फॉरएवर' 2022 में रिलीज हुआ। अब इसके तीसरे भाग 'ब्लैक पैंथर 3' के रिलीज होने की तैयारी हो रही है। इसमें 'ब्लैक पैंथर' का किरदार डेविड जॉनसन निभाएंगे। डेविड जॉनसन 15 दिसंबर 2028 को रिलीज होने वाली 'ब्लैक पैंथर 3' में टीचाला के बेटे का किरदार निभाएंगे। यह फिल्म जॉनसन के किरदार, प्रिंस टी'चाला 2 की कहानी दिखाएगी। डेविड जॉनसन 'ब्लैक पैंथरः वाकांडा फॉरएवर' में एक बच्चे के तौर पर नजर आए थे। डायरेक्टर रयान कूगलर तीसरी फिल्म के लिए वापसी करेंगे।



# दीपिका से छूटी फिल्म अब कैट की झोली में!

**नई दिल्ली।** संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' प्रभास की मचअवेटेड फिल्मों में से एक है। प्रभास और तृप्ति डिमरी स्टारर इस फिल्म को सबसे ज्यादा सुर्खियां तब मिलीं जब दीपिका पादुकोण ने फिल्म से किनारा किया। अब एक बार फिल्म ये फिल्म चर्चा में है और वजह है नई एक्ट्रेस का नाम। दावा किया जा रहा है कि कैटरीना कैफ इस फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। इसे लेकर अभी कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इंडस्ट्री के एक सोर्स ने कैटरीना की काम पर वापसी की अफवाहों को 'पूरी तरह से गलत और गुमराह करने वाला' बताया है। सोर्स ने बताया, "फ्यूचर में कैट के एक्टिंग प्लान के बारे में किए जा रहे दावों में कोई सच्चाई नहीं है। यह रिपोर्ट पूरी तरह से अटकलों और गलत जानकारी पर आधारित है जिसकी कोई कनफर्मेशन नहीं है।



# यामी कहानी-3 में आएंगी नजर...

**मुंबई।** यामी गौतम के सितारे बुलंदी पर हैं। हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में शानदार अदाकारी के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान नेशनल फिल्म अवॉर्ड के लिए हुआ। उन्होंने 2024 में आई इस फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता। इस बीच अभिनेत्री के फैंस के लिए एक और खुशखबरी है। यामी गौतम फिल्म 'कहानी 3' में नजर आएंगी। सुजॉय घोष की चर्चित फ्रैंजाइजी की दो फिल्में आ चुकी हैं। पहली फिल्म 'कहानी' साल 2012 में रिलीज हुई थी। वहीं, दूसरा पार्ट 2016 में रिलीज हुआ। दोनों फिल्मों के निर्देशन का जिम्मा सुजॉय घोष ने निभाया। वहीं, लीड रोल में विद्या बालन नजर आई थीं। अब सुजॉय इसकी तीसरी किस्त लेकर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'कहानी 3' में यामी गौतम की एंट्री हो गई है।

## टीवी मसाला



# वो शख्स, जो जाते-जाते रामानंद की रामायण को बना गया अमर

**नई दिल्ली।** रवींद्र जैन वो सितारा थे, जिन्होंने खुद दृष्टिहीन होते हुए रामानंद सागर की 'रामायण' में अपने सुरीले संगीत से रंग भर दिए थे। ये रंग ऐसे भरे कि जब भी 'रामायण' की बात होती है, तो उनके कलाकारों के साथ ही उसकी चौपाइयां और गीत याद आ जाते हैं, जिन्हें रवींद्र जैन ने अपनी प्यारी आवाज और संगीत से सजाया था। रवींद्र जैन जन्म से ही दृष्टिहीन थे। उन्हें कुछ दिखाई नहीं देता था, पर भगवान ने उन्हें सुरीली आवाज और संगीत के अमर वरदान से नवाजा था। उनके गले में मां सरस्वती विराजत करती थीं। उन्हें 'सरस्वती पुत्र' कहा जाता था। उसी वरदान से उन्होंने रामानंद सागर को 'रामायण'के रूप में ऐसा तोहफा दे दिया, जो दुनियाभर में हमेशा के लिए अमर हो गया। 28 फरवरी 1944 को पैदा हुए रवींद्र जैन के पिता संस्कृत पंडित थे, पर बचपन में ही उन्होंने बेटे के हुनर को भांप लिया था। फिर क्या था, उन्होंने बेटे रवींद्र को जी.एल जैन, जनार्दन शर्मा और नाथू राम जैसे संगीतकारों के पास संगीत सीखने भेज दिया। रवींद्र जैन ने संगीत के लिए ही अपनी आंखों को इलाज तक नहीं कराया था। वह बचपन से ही दृष्टिहीन थे। आंखों का इलाज हो सकता था, पर रवींद्र का कहना था कि अगर उनकी आंखों की रोशनी लौट आई, तो वह न तो संगीत पर ध्यान दे पाएंगे और ना ही पहले जैसा संगीत बना पाएंगे। इसलिए उन्होंने आजीवन दृष्टिहीन होना ही चुना। रवींद्र जैन का 9 अक्टूबर 2015 को 71 साल की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे और मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती थे। परिवार में पत्नी दिव्या जैन और बेटा आयुष्मान ही रह गए।

## हर्षद हुए लॉक अप 2 से बाहर

**नई दिल्ली।** 'लॉक अप 2' में ड्रामा जारी है क्योंकि अब हर्षद चोपड़ा को रियलिटी शो से बाहर कर दिया गया है। उनके बाहर होने से कई दर्शक



हैरान हैं, जिन्हें उम्मीद थी कि वह गेम में और आगे तक जाएंगे। जेल के अंदर हर्षद एक शांत और संयमित कंटेस्टेंट के तौर पर दिखे। हालांकि उनकी कुछ बहसें और इमोशनल पल भी रहे, लेकिन ज़्यादातर समय वह गेम में अपने में ही रहे। लेकिन, बढ़ते कॉम्पिटिशन और मजबूत कंटेस्टेंट्स के बीच उन्हें काफी सपोर्ट नहीं मिल पाया और उन्हें शो छोड़ना पड़ा। उनके बाहर होने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स जोरदार प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कई दर्शकों ने कहा कि उन्हें उनके इतनी जल्दी बाहर होने से झटका लगा है और वे निराश हैं। कुछ फैन्स ने इसे अनुचित भी बताया और कहा कि वह गेम में और समय के हकदार थे, जबकि दूसरों का कहना है कि यह शो के अनप्रेडिक्टेबल नेचर का ही हिस्सा है।

# पेरिस तक गई, ताकि जमाने से आगे रह सकूं : हेलेन

*__नई दिल्ली।__ अदाकारा और मशहूर डांसर हेलेन के नाम पर दर्शकों की भीड़ सिनेमाघरों में फिल्म देखने टूट पड़ती थी। एक दौर था जब हेलन का सिर्फ नाम ही काफी थी। उन्होंने बॉलीवुड के कुछ सबसे यादगार डांस परफॉर्मेंस दी हैं। हेलेन ने हाल ही में इसे लेकर दिलचस्प खुलासा किया कि गानों को करने में वे खुद किस तरह एफर्ट्स डालती थीं। यह उनके डांस के अलावा फैशन से भी जुड़े थे।*



### चीजें खोजने विदेशों की यात्राएं कीं

हेलेन ने 'इंडियाज बेस्ट डांसर' के एक एपिसोड में बताया कि उन्होंने खुद कई ऐसी एक्सेसरीज चुनीं, जो उनके ग्लैमरस कैबरे डांस की पहचान बन गईं। हेलेन ने कहा कि वे हमेशा चाहती थीं कि उनके कॉस्ट्यूम अनोखे लगें। सिर्फ स्थानीय स्तर पर मिलने वाली एक्सेसरीज पर निर्भर रहने के बजाय, उन्होंने ऐसी चीजें खोजने के लिए विदेश की यात्रा कीं, जो उनके परफॉर्मेंस को एक अलग विजुअल पहचान दे सकें।

### बहुत जल्दी डांस सीख लेती थीं

शो के जज जावेद जाफरी ने बॉलीवुड फैशन और डांस पर हेलेन के असर को याद किया और उन्हें ट्रिब्यूट दिया। उन्होंने कहा कि उनके बोल्ड कॉस्ट्यूम, शानदार परफॉर्मेंस और स्क्रीन पर उनके कॉन्फिडेंस भरे अंदाज ने हिंदी फिल्मों में ग्लैमर को पेश करने का तरीका बदल दिया। उनके मुताबिक, उन्होंने नए ट्रेंड सेट किए और साथ ही कई पीढ़ियों के कलाकारों को प्रेरित भी किया। करिश्मा कपूर ने भी अपनी मां से जुड़ी एक याद शेयर की। उन्होंने कहा, 'मेरी मां मुझे बताती थीं कि जब भी हेलेन जी सेट पर आती थीं, तो सब लोग सम्मान के साथ शांत हो जाते थे। ठीक वैसे ही जैसे शम्मी कपूर के आने पर होता था'। करिश्मा कपूर ने यह भी बताया कि हेलेन रिहर्सल के दौरान बहुत तेजी से कोरियोग्राफी सीख लेती थीं, जिसके लिए उनके प्रोफेशनलिज्म और हुनर की तारीफ की जाती थी।

### अपने लुक की हर चीज पर खुद ध्यान देती थीं

अपने डांस नंबर्स की तैयारी को याद करते हुए हेलेन ने बताया कि वे अपने लुक की हर छोटी-बड़ी चीज पर खुद ध्यान देती थीं। उन्होंने खुद ऐसी एक्सेसरीज और फैशन की चीजें चुनीं, जो उस समय भारत में आम नहीं थीं। उन्होंने कहा, 'मैं लंदन गई और वहां से नीले, भूरे और हरे रंग के लेंस और खास आईलैश (पलकें) लेकर आई। मेरे हेडगियर (बालों की एक्सेसरजी) मेरे हेयरड्रेसर ने बनाए थे। मैं अपनी कॉस्ट्यूम के लिए असली पंख लेने पेरिस भी गई थी। मेरी ज्वेलरी, बड़े गॉगल्स और एक्सेसरीज, ये सब मैंने इसलिए, चुना ताकि मैं जमाने से आगे रह सकूं'।

# शूटिंग के लिए पति-बेटी संग लौटीं भारत



*__मुंबई।__ मच अवेटेड फिल्म 'वाराणसी' से प्रियंका चोपड़ा 8 साल के गैप के बाद इंडियन सिनेमा में वापसी कर रही हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए वह पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी के साथ भारत आई हैं। उन्हें हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। उनकी तस्वीरें वायरल हो रही हैं। फ़िल्म का ज़्यादातर हिस्सा शूट हो चुका है, बस कुछ छोटे-छोटे आपस में जुड़े सीन बाकी हैं। एएस राजामौली ने बताया था कि टीम को उम्मीद है कि इस साल सितंबर या अक्टूबर तक फ़िल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी. वाराणसी को 7 अप्रैल, 2027 को दुनिया भर में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। वायरल तस्वीरों और वीडियो में निक जोनास और प्रियंका चोपड़ा को साथ चलते हुए देखा जा सकता है। प्रियंका को ऑफ-शोल्डर टॉप वाले डार्क ब्राउन को-ऑर्ड सेट में देखा जा सकता है। उन्होंने एयरपोर्ट लुक को बेज रंग की कैप, काले धूप के चश्मे और ब्राउन रंग के फ्लैट्स के साथ कंप्लीट किया है। वहीं, निक जोनास ने एयरपोर्ट लुक के लिए कंफर्टेबल ऑल-ब्लैक आउटफिट चुना. वह काली शर्ट के साथ मैचिंग ट्राउज़र पहने दिखाई दिए. उन्होंने सफेद-काले स्नीकर्स और टिंटेड धूप के चश्मे के साथ अपने लुक को कंप्लीट किया।*

## शिव भक्ति से जुड़ा था गीत, स्टूडियो में डायरेक्टर की थी नो-एंट्री

# पहले ठुकराया, फिर गुस्से में लता ने गाया था ये कालजयी गाना

*__नई दिल्ली।__ लता मंगेशकर स्वर कोकिला कही जाती हैं। उन्होंने सिनेमा को हजारों कल्ट क्लासिक गानों से नवाजा है, दशकों तक चाहने वालों को दीवाना बनाया है। डायरेक्टर-प्रोड्यूसर लता मंगेशकर को कास्ट करने के लिए लाइन में लगे रहते थे। लता मंगेशकर भी गायिकी के लिए समर्पित थीं। उन्होंने बेझिझक गाने गाए और नाम कमाया। मगर शायद ही आपको पता है कि उन्होंने अपना एक कल्ट गाना गाने से इनकार कर दिया था। 48 साल पहले उन्होंने शिव भक्ति से जुड़ा गीत गाना था, लेकिन उन्होंने पहले इनकार कर दिया था।*



### सुपरहिट गाने की कहानी

यह गीत है राज कपूर की फिल्म सत्यम शिवम सुंदरम का टाइटल ट्रैक । जीनत अमान पर फिल्माया गया ये गीत लता मंगेशकर ने अपनी आवाज में अमर कर दिया। करीब पांच दशक के बाद भी यह गाना लोगों की जुबान पर रहता है। इस गाने को गवाने लिए राज कपूर को लता मंगेशकर को मनाना पड़ा था। वह उनसे इतना खफा हो गई थीं कि उन्हें स्टूडियो में भी नहीं आने दिया था।

### भाई के चक्कर में लता-राज के बीच अनबन

इस नाराजगी के पीछे की वजह राज कपूर पर लिखी किताब 'राज कपूरः द वन एंड ओनली शोमैन' में उनकी बेटी रितु नंदा ने बताई है। रितु नंदा ने किताब में बताया था कि राज कपूर ने सत्यम शिवम सुंदरम में म्यूजिक डायरेक्टर के तौर पर पहले लता मंगेशकर के भाई हृदयनाथ मंगेशकर को लेने वाले थे। उन्होंने ही सिंगर से गुजारिश की थी कि वह हृदयनाथ को मनाएं।

### राज कपूर से मांगी थी गानों की रॉयल्टी

लता ने राज कपूर के लिए कई गाने गाए थे, लेकिन कभी रॉयल्टी नहीं ली। मगर जब भाई को रिप्लेस किया गया तो उन्होंने राज कपूर से गाने की रॉयल्टी मांगना शुरू कर दिया। चीजें बढ़ती गईं और लता मानने को तैयार नहीं थी। फिर पंडित नरेंद्र शर्मा की एंट्री हुई जिन्हें लता अपने पिता की तरह मानती थीं। उनका मानना था कि 'सत्यम शिवम सुंदरम' के गानों के साथ कोई और सिंगर न्याय नहीं कर सकता, इसलिए उन्होंने लता को इन गानों के लिए अपनी आवाज देने के लिए मनाया।

### गाना गाने से किया था इंकार

राज कपूर के कहने पर हृदयनाथ राजी हो गए। मगर जब लता मंगेशकर काम से यूएस गईं और वापस आईं तो पता चला कि राज कपूर ने हृदयनाथ को हटाकर लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल को फिल्म में शामिल कर लिया है। इस बात से लता बहुत नाराज हुईं। उनसे बिना पूछे या बताए राज कपूर ने यह फैसला लिया था। गुस्से में सिंगर ने उनका गाना गाने से ही इंकार कर दिया था।

### दो शर्तों पर गाया था लता ने हिट गाना

आखिरकार पंडित नरेंद्र शर्मा के कहने पर लता मंगेशकर ने गाने के लिए हामी भरी लेकिन शर्तें भी रखीं। उनकी शर्त थी कि वह स्टूडियो में किसी से भी बात नहीं करेंगी। साथ ही लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल से यह भी कह दिया था कि उनके रिकॉर्डिंग सेशन के दौरान वे राज कपूर को स्टूडियो में न आने दें। लता ने गाना गाया और बिना किसी से बात किए चली गईं। फिर दोनों के बीच रॉयल्टी को लेकर बहस भी हुई। मगर बाद में राज कपूर ने उन्हें मना लिया था।

## खबर संक्षेप

### देवकी नंदन झेरिया यादव समाज की बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुई चर्चा



**तालदवेरी।** ग्राम घुठिया में देवकी नंदन झेरिया यादव समाज की सामाजिक सांगठनिक बैठक हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। महिला टीम प्रत्येक गांव एवं केंद्र स्तर, ब्लाक स्तर, जिला स्तर, प्रदेश स्तर पर गठित करने का निर्णय लिया गया। संगठन की मजबूती एवं विस्तार के लिए नवयुवक को दायित्व जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया। संगठन द्वारा वरिष्ठ वर्ग पुरुष एवं नव युवक वर्ग लड़का तथा वरिष्ठ वर्ग महिला एवं नव युवती वर्ग लड़की सभी का टीम गठित कर एक साथ मिल जुलकर कार्य करने का निर्णय लिया गया। बैठक में नारी शक्ति की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक सुधीर यादव अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

### परंपरागत रूप से मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा का पर्व

**शिवरीनारायण।** गुरु पूर्णिमा का पर्व राजधानी रायपुर स्थित श्री दूधाधारी मठ में परंपरागत रूप से



मनाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा तदनुसार 29 जुलाई, दिन बुधवार को श्री दूधाधारी मठ में यह कार्यक्रम श्रद्धा भक्ति पूर्वक आयोजित होगा। राज्य के अनेक स्थान से पहुंचकर श्रद्धालु भक्तगण इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। पूजा अर्चना का कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज श्री दूधाधारी मठ में ही रहकर श्रद्धालु भक्तों से भेट मुलाकात करेंगे।

### जिला साहू संघ के अशोक दूसरी बार कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष बने

**देवरी सारागांव।** जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष बालेश्वर साहू द्वारा कार्यकारणी का विस्तार कर



कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में अशोक साहू को दूसरी बार मनोनीत किया। यह दायित्व मिलने पर अशोक साहू ने कहा कि उस दायित्व पर वे खरा उतरने का प्रयास करेंगे । इनके नियुक्ति पर समाज के बोधराम साहू , हेमन्त साहू , रामचरण साहू, भोला साहू,बोधीराम साहू, रामरतन साहू, तामेश्वर साहू, इतवार साहू, हेमलतासाहू, सरोज साहू, प्रेम साहू दिलीप साहू, शिव साहू, मनोज साहू, संजय साहू सीता राम, भानु भुवन साहू, राजेंद्र साहू , रूपनारायण साहू, मेम साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

### ज्ञानोदय विद्यालय जांजगीर में उत्साहपूर्वक मनाया गया ग्रीन डे



**जांजगीर-चांपा।** ज्ञानोदय स्कूल में विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से ग्रीन डे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम कक्षा नर्सरी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने चित्रकला, पोस्टर निर्माण, मॉडल,भाषण कविता पाठ एवं पौधारोपण जैसी विभिन्न गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से वृक्षों के महत्व, स्वच्छ पर्यावरण, जल संरक्षण तथा हरित जीवनशैली का संदेश दिया। विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प भी लिया। विद्यालय के संचालक डॉ. सुरेश यादव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम, पर्यावरणीय चेतना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। अंत में सभी विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

## निधन

### पीयूष भाई राव

**जांजगीर-चांपा।** शहर के नैला में संचालित सत्यम साइकिल स्टोर नैला के संचालक पीयूष भाई राव के



पिता नटवर भाई राव का निधन शुक्रवार 24 जुलाई को आनंद गुजरात में हो गया। वे 96 वर्ष के थे। वे अपने पीछे तीन पुत्रों उमेश भाई राव, पीयूष भाई राव एवं विनोद भाई राव तथा दो पुत्री सुनीता एवं संगीता सहित भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में रविवार 26 जुलाई को हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में समाज एवं रिश्तेदारों सहित शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

8 लाख 98 हजार रुपये वापसी के लिए की गई प्रक्रिया पूर्ण, दूसरे जिले के लोग भी हुए शामिल

# साइबर ठगी पीड़ितों की मदद के लिए लगा विशेष सहायता शिविर, सौ से अधिक ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

भारत सरकार के नई गाइडलाइन के अनुसार साइबर ठगी के पीड़ितों के लिए पहली बार जिले में एक दिवसीय विशेष सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का 106 पीड़ितों ने लाभ उठाया। इस दौरान 8 लाख 98 हजार 310 रुपये वापसी के लिए प्रक्रिया पूर्ण की गई। शिविर में जांजगीर चांपा जिले के अलावा सक्ती , कोरबा बलरामपुर से भी लोग उपस्थित हुए।

साइबर थाना जांजगीर में सोमवार 27 जुलाई को विशेष पुलिस सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में साइबर ठगी से पीड़ित नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कुल 106 साइबर ठगी पीड़ितों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक विधिक एवं तकनीकी सहायता प्रदान की गई। शिविर में भारत सरकार के नई गाइडलाइन के अनुसार ग्रेवियंश रिड्रेसल मैकेनिज्म के अनुसार फ्रॉड के पैसे खाते में आने से 47 पीड़ितों का फ्रिज खाता को डिफ्रिज करने के लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन भेजा गया। मनी रेस्टोरेशन माड्यूल में 17 पीड़ितों के 77 हजार 310 रु की वापसी के लिए ऑनलाइन आवेदन कराया गया। 50 हजार रुपए से अधिक होल्ड राशि के मामलों के 10 पीड़ितों का 8 लाख 21 हजार रुपये आवेदन न्यायालय भेजा गया। एक दिवसीय शिविर में कुल 20 गुम मोबाइल वितरित किया गया। अब तक वर्ष 2026 में कुल 636 नग मोबाइल कुल कीमत एक करोड़ रुपए से अधिक को वापस दिलाया गया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध लगातार नए-नए तरीकों से किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपनी बैंकिंग एवं ओटीपी संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें तथा डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश, ऑनलाइन लोन, केवाईसी अपडेट, सोशल मीडिया हैकिंग एवं अन्य साइबर ठगी के तरीकों के प्रति सतर्क रहें। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर बिना विलंब 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें अथवा तत्काल एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते ठगी की राशि होल्ड कर पीड़ित को राहत दिलाई जा सके। उपरोक्त शिविर कार्यक्रम में एडिशनल एसपी उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में एवं सीएपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे के नेतृव में निरीक्षक भास्कर शर्मा प्रभारी सायबर थाना, एएसआई विवेक सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, राजकुमार चंद्रा, विवेक सिंह, आरक्षक रोहित कहरा, माखन साहू , प्रदीप दुबे, गिरीश कश्यप, चिंजीव कमलेश, विशाल सिंह, सिदार सिंह पैकरा, आशुतोष कर्ष, मोह. शाहबाज़, महिला आरक्षक अंजना लकड़ा, दिव्या सिंह का सराहनीय योगदान रहा।



शिविर में गुम मोबाइल का वितरण करते एसपी विजय पांडेय।

### क्या है जीआरएम पोर्टल

ग्रेवियंश रिड्रेसल मैकेनिज्म उन सायबर ठगी पीड़ितों के के लिए यह पोर्टल है जिनका खाता होल्ड / फ्रिज है जिसमे पीड़ित अपने निकटतम बैंक शाखा से संपर्क कर जीआरएम पोर्टल में अपना शिकायत दर्ज कर सकते है ।

### एमआरएम पोर्टल

यह पोर्टल उन सायबर ठगी पीड़ितों के लिए है जिनके शिकायत पर 50 हजार रुपए से कम का पैसा होल्ड है , पैसा वापसी पाने के लिए एमआरएम पोर्टल पर अपना आवेदन दर्ज कर सकते है जिसमें एफआईआर या न्यायलय जाने की आवश्यकता नहीं है और पीड़ित का पैसा वापस हो जाएगा। यदि होल्ड राशि 50 हजार रूपये से अधिक है तो न्यायालय आदेश आवश्यक है। शिविर का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराध के पीड़ितों को एक ही स्थान पर राहत उपलब्ध कराना, उनकी लंबित शिकायतों का निराकरण करना तथा उन्हें आगे की कानूनी प्रक्रिया के संबंध में मार्गदर्शन देना रहा।

### होल्ड राशि की वापसी की प्रक्रिया प्रारंभ

शिविर के दौरान 1930 हेल्पलाइन एवं एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज साइबर ठगी संबंधी शिकायतों में विभिन्न बैंक खातों में फ्रीज कराई गई राशि की समीक्षा की गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत पात्र पीड़ितों की होल्ड राशि उनके मूल बैंक खातों में वापस कराने की कार्यवाही की गई। इससे अनेक पीड़ितों को आर्थिक राहत प्राप्त हुई।

## अतिक्रमण हटाने के चार साल बाद भी नहीं हटया जा सका मलबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



नगर पालिका परिषद सक्ती के वार्ड क्रमांक 6 में स्थित पुराने पशु चिकित्सालय भवन की जर्जर स्थिति और आसपास जमा मलबे को लेकर नगर पालिका प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। इस संबंध में एल्डरमैन सुमित शर्मा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रह्लाद पाण्डेय को आवेदन सौंपकर जर्जर पुराने भवन को डिस्मेंटल कराने, अतिक्रमण हटा था उस समय का बिखरा हुआ अभी तक का मलबा हटाने तथा क्षेत्र में व्यापक साफ-सफाई कराने की मांग की है। एल्डरमैन सुमित शर्मा ने अपने आवेदन में बताया कि वार्ड क्रमांक 6 स्थित पशु चिकित्सालय की पुरानी बिल्डिंग लंबे समय से जर्जर और कंडम स्थिति में है। भवन के आसपास मलबा जमा होने के साथ ही इसकी हालत लगातार खराब होती जा रही है। ऐसे में भवन के कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई है, जिससे आसपास के लोगों और आम नागरिकों की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। पुरानी बिल्डिंग के आसपास स्थित खाली स्थान में बरसात का पानी जमा हो गया है। जलभराव और गंदगी के कारण क्षेत्र में सांप, बिच्छू सहित अन्य जहरीले जीव-जंतुओं के निकलने का खतरा बढ़ गया है।

- बरसात में जलभराव से सांप-बिच्छू का बढ़ा खतरा

वहीं, भवन की बाउंड्री से लगी नाली की सफाई नहीं होने के कारण जल निकासी की समस्या भी बनी हुई है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि बुधवार बाजार से अतिक्रमण हटाने के दौरान निकाला गया मलबा लंबे समय से मौके पर ही पड़ा हुआ है। मलबे के नहीं हटने से क्षेत्र की स्वच्छता एवं व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सुमित शर्मा ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए ऐसे स्थानों पर जमा पुराने मलबे को हटाकर नियमित एवं उचित सफाई कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल स्वच्छता से जुड़ा नहीं है, बल्कि नागरिकों की सुरक्षा से भी संबंधित है। बरसात के मौसम में जर्जर भवन, जलभराव और जमा मलबे के कारण किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए नगर पालिका प्रशासन को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

## पीएम राहत कैशलेस आपातकालीन उपचार योजना सड़क दुर्घटना के 2 घायलों का निःशुल्क इलाज

**सक्ती।** प्रधानमंत्री राहत कैशलेस आपातकालीन उपचार योजना के अंतर्गत जिला सक्ती में सड़क दुर्घटना में घायल दो मरीजों का सफलतापूर्वक निःशुल्क उपचार किया गया है। योजना लागू होने के बाद कलेक्टर अमृत विकास तोपनों की पहल पर सक्ती जिले में पहली बार घायल मरीजो का उपचार करने वाले अस्पतालों को भुगतान राशि जारी कर दी गई है।

जिले में इस योजना से लाभान्वित होने वाले मरीजों में सक्ती निवासी काशीराम मन्नेवार एवं पलटू राम शामिल हैं। इस योजना का लाभ सड़क दुर्घटना मे घायलो को दिलाने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं सुचारु हो चुकी हैं, जिसके तहत पात्र मरीजों को तत्काल कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के दौरान 7 दिनों तक अथवा अधिकतम 1.50 लाख तक का उपचार सरकार द्वारा पंजीकृत अस्पतालों में निःशुल्क दिया जाता है। कलेक्टर अमृत विकास तोपनों ने बताया कि पीएम राहत भारत सरकार की एक केशलैस आपातकालीन उपचार योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गोल्डन ऑवर (दुर्घटना का पहला घंटा) में समय पर उपचार सुनिश्चित कर सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु दर को कम करना है। पात्रता की पुष्टि पुलिस, अस्पताल, एम्बुलेंस अथवा संबंधित पोर्टल के माध्यम से होने के बाद कैशलेस उपचार तत्काल प्रारंभ किया जाता है। जिले मे प्रधानमंत्री कैशलेस आपातकालीन उपचार योजना के सफल क्रियान्वयन और जनसमुदाय को इसका लाभ दिलाने में जिले के पुलिस विभाग, आरटीओ विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के सभी संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## कठिन रास्ता ही व्यक्ति को बनाता है मजबूत : मन कुरैशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चैतन्य साइंस एंड आर्ट्स कालेज, पामगढ़ में शनिवार को आयोजित 'द चैतन्य एडमिशन फेस्ट-2026 : आरंभ' विद्यार्थियों के लिए यादगार बन गया।

- चैतन्य एडमिशन फेस्ट 'आरंभ' में गूंजा सफलता का मंत्र, विद्यार्थियों से रूबरू हुए छत्तीसगढ़ी सुपरस्टार

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार मन कुरैशी रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों के साथ खुलकर संवाद करते हुए अपने संघर्षों और सफलता की कहानी साझा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। महाविद्यालय के संचालक वीरेंद्र तिवारी एवं डा. गरिमा तिवारी ने मन कुरैशी का पुष्पगुच्छ, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में डा. गरिमा तिवारी ने महाविद्यालय की 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा, शैक्षणिक उपलब्धियों तथा विद्यार्थी हित में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चैतन्य कालेज नैक 'ए' ग्रेड से मान्यता प्राप्त स्वायत्त संस्था है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. व्ही के गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कालेज में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान में एनएसएस, एनसीसी, खेलकूद, आईआईसी, आधुनिक प्रयोगशालाओं तथा चैतन्य करियर अकादमी के माध्यम से विद्यार्थियों को सीजीपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही दिल्ली आईएएस अकादमी के साथ हुए सहयोग के माध्यम से विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय प्रतियोगी परीक्षा तैयारी का अवसर भी मिलेगा। अपने प्रेरक संबोधन में मन कुरैशी ने कहा कि जीवन में कठिनाइयों और चुनौतियों से घबराने के बजाय उनका डटकर सामना करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कठिन रास्ता चुनने से कभी डरना नहीं चाहिए, क्योंकि यही रास्ता व्यक्ति को मजबूत बनाता है। उन्होंने सफलता के तीन प्रमुख मंत्र स्किल, आत्मविश्वास और अनुशासन बताते हुए कहा कि ज्ञान और शिक्षा ही व्यक्ति की सबसे बड़ी पूंजी हैं। उन्होंने अपने पिता से मिली सीख साझा करते हुए कहा कि हर विद्यार्थी को कम से कम एक ऐसा कौशल विकसित करना चाहिए, जो विपरीत परिस्थितियों में भी उसका सहारा बन सके। मन कुरैशी ने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता पहचानने की सलाह देते हुए कहा कि दूसरों की नकल करने के बजाय अपनी प्रतिभा के अनुरूप लक्ष्य तय करें और पूरी मेहनत के साथ उसे हासिल करने का प्रयास करें। प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों ने संघर्ष, करियर और सफलता से जुड़े कई सवाल पूछे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, शिक्षक तथा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



छत्तीसगढ़ी सुपरस्टार मन कुरैशी का स्वागत करते संचालक व प्राचार्य

## उच्च शिक्षा जीवन को देती है नई दिशा : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

पोषक शाला संपर्क अभियान के अंतर्गत शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद के प्राचार्य एवं प्राध्यापक भ्रमण पर शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट विद्याल शिवरीनारायण पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, कैरियर निर्माण एवं शासकीय महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों की जानकारी दी।

- पोषक शाला संपर्क अभियान के तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए किया प्रेरित

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जी.सी. भारद्वाज ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उच्च शिक्षा जीवन को नई दिशा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्कूली शिक्षा पूर्ण करने के बाद शासकीय लक्ष्मणेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में प्रवेश लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. संजीव सिंह ने महाविद्यालय में उपलब्ध अनुभवी संकाय, बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं विद्यार्थियों को मिलने वाले अवसरों की जानकारी देते हुए प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्र-प्राध्यापक के बीच सतत संवाद एवं मार्गदर्शन को सफलता की कुंजी बताया। वहीं प्रो. पूनाराम नवरत्न ने गणित विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए विद्यार्थियों को इस विषय पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता कोमल प्रसाद साहू ने तथा आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्राचार्य बी.के. देवांगन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. ए.के. नेताम, कर्मचारी श्री बसंत यादव सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते महाविद्यालय के प्राचार्य।

## नीट परीक्षा लीक प्रकरण में दिवंगत युवाओं को दी श्रद्धांजलि

**अकलतरा।** एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में जिलाध्यक्ष अंकित सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में रविवार शाम नीट परीक्षा लीक प्रकरण से जुड़ी घटनाओं के चलते दिवंगत हुए युवाओं की स्मृति में कैंडल मार्च निकालकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य किसी भी परिस्थिति में खिलवाड़ का विषय नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं और पेपर लीक जैसी घटनाओं से लाखों मेहनती विद्यार्थियों का विश्वास टूटता है। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। एआईसीसी की पूर्व सदस्य श्रीमती मंजू सिंह ने कहा कि युवाओं की आशाओं और सपनों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय होनी चाहिए, ताकि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को न्याय मिल सके। कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष अंकित सिंह सिसोदिया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष महेश्वर टंडन सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने युवाओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह, भविष्य चंद्राकर, संतोष अग्रवाल, राज कुमार राठी, राज कुमार सिंह, अभिजीत सोनवानी, छतराम साहू, पतराम साहू, निलेश सिंह, जितेंद्र वर्मा, अविनाश साहू, गगन गुरुद्वान, अब्दुल मोइद, संतोष सिंह बैस, राजेश जायसवाल, पृथ्वीराज चौहान, लव कैवर्त्य, अलखराम श्रीवास, युगल कश्यप, सुरेश राज, जयदीप सिंह, अमित यादव सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।



## इंटरनेशनल चेस डे पर उभरी प्रतिभाएं, खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

इंटरनेशनल चेस डे के अवसर पर किड्स प्रमोट चेस अकादमी द्वारा अंडर-8, अंडर-11 एवं अंडर-15 मिक्स्ड गर्ल्स एवं बॉयज़ रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद विभिन्न वर्गों के विजेताओं की घोषणा की गई। सभी विजेताओं को ट्रॉफी, सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अकादमी संचालिका जयंती यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में 73 खिलाड़ियों ने 3 वर्गों में भाग लिया। अंडर-8 बालिका वर्ग में आमंदी साय ने प्रथम, अन्वी राठौर ने द्वितीय तथा अनम सिद्दीकी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर-8 बालक वर्ग में प्रद्युम्न प्रथम, अव्यान वर्मा द्वितीय तथा हेमाक्ष मनवानी तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-11 वर्ग में वेदांश यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगांश राठौर द्वितीय एवं आयांश गुप्ता तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-11 बालिका वर्ग में अक्षिता प्रथम, अनिका साहू द्वितीय तथा रिद्धिमा तृतीय स्थान पर रहीं। अंडर-15 बालिका वर्ग में अन्वेशा राठौर ने प्रथम, रिमझिम केवट ने द्वितीय तथा अदिति साहू ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-15 बालक वर्ग में प्रखर पटेल प्रथम, कनक शेखर द्वितीय तथा शिवम साहू तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में कृष्णा विहार कॉलोनी विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इसमें अंडर-8 में जयंत बिंझवार, अंडर-11 में वंश राठौर तथा अंडर-15 में श्रेयांश शर्मा को विशेष पुरस्कार साथ ही सभी खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री गुरुदेव, राहुल गुप्ता, मनोज चंद्रा, आशीष कश्यप, अक्षय राठौर, एस.पी. छोटू यादव, नरेश देवांगन, श्रीमती रुचि गुलाबानी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को निरंतर अभ्यास कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जनसंपर्क सहायक संचालक जरीफ खान, कॉलोनी के पर्यावरण मित्र विजय राठौर ने भी प्रतियोगिता की सराहना की। टूर्नामेंट डायरेक्टर श्रीमती जयंती यादव, देवेंद्र यादव ने सभी प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास करते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान अकादमी ने एक खिलाड़ी – एक पौधा का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण का विशेष अभियान भी चलाया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का पौधा भेंट कर सम्मान किया गया।

- अंडर-8 आमंदी, प्रद्युम्न अंडर-11 अक्षिता, वेदांश एवं अंडर-15 अन्वेशा, प्रखर बने चैम्पियन



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि।

